भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या. 53
(जिसका उत्तर सोमवार, 25 नवंबर, 2024/4 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया गया)

इंटर्नशिप प्रोग्राम स्कीम

53. श्री वरूण चौधरी:
क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उन 500 कंपनियों के नाम क्या हैं जिनमें इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा;
(ख) पीएमआईएस योजना के तहत पंजीकृत व्यक्तियों की संख्या कितनी है;
(ग) आज तक कितना बजट आवंटित किया गया है और कितना खर्च किया गया है; और
(घ) बजट 2024-25 में यथाघोषित योजना के तहत की-गई-कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क): बजट 2024-25 में घोषित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) का उद्देश्य पांच वर्षों में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना की शुरुआत के रूप में, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने 3 अक्टूबर, 2024 को योजना का एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसका लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1.25 लाख युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। पिछले 3 वर्षों में औसत कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) व्यय के आधार पर शीर्ष 500 कंपनियों की सूची https://pminternship.mca.gov.in (पोर्टल) पर उपलब्ध है। इस योजना में कंपनियों की भागीदारी स्वैच्छिक है।

(ख): पोर्टल 12 अक्टूबर, 2024 से 15 नवंबर, 2024 तक युवाओं के पंजीकरण के लिए खोला गया था; इस समयावधि के दौरान कुल 4.87 लाख पात्र आवेदकों ने अपना केवाईसी पूरा किया और अपना पंजीकरण कराया।

(ग): वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में 2,000 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई थी। 20 नवंबर, 2024 तक 6.04 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है।

(घ): पीएमआईएस की पहल के रूप में, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने 3 अक्टूबर, 2024 को योजना की एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू की है, जिसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25 में 1.25 लाख युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। यह योजना https://pminternship.mca.gov.in एक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। पोर्टल एंड-टू-एंड योजना कार्यान्वयन और इंटर्नशिप लाइफ साइकल प्रबंधन के लिए एक केंद्रीकृत मंच के रूप में कार्य करता है। अब तक, कंपनियों द्वारा 1.27 लाख इंटर्नशिप अवसर पोस्ट किए गए हैं। इनमें से लगभग 6.21 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं और कंपनियों द्वारा चयन प्रक्रिया जारी है।

*****